बुधवार
05 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



बाइक से स्कूल जा रहे बाप-बेटे को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर 2

### बंगाल बीजेपी अध्यक्ष ने गृहमंत्री को लिखी चिट्ठी, कहा- बंगाल में हिन्दुओं को लगातार बनाया जा रहा निशाना

# हिंसा पर केंद्र ने बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

◆ रामनवमी जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प के बाद पथराव और दुकानों में की गई थी तोड़फोड़

**एजेंसी/नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल में रामनवमी पर हुए दंगे और खराब कानून व्यवस्था पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार ममता सरकार से रिपोर्ट मांगी है। गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के चीफ सेक्रेटरी से 3 दिनों के अंदर पूरी घटना पर रिपोर्ट भेजने को कहा है। बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी थी। जिसमें उन्होंने कहा कि हिन्दुओं को लगातार बंगाल में निशाना बनाया जा रहा है। इस चिट्ठी के बाद गृह मंत्रालय ने ये रिपोर्ट मांगी है।

इससे पहले गुरुवार को हावड़ा में रामनवमी के जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस और राज्य बीजेपी प्रमुख सुकांत मजूमदार से बात की और राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति का आंकलन किया था। राज्यपाल ने अमित शाह को हिंसा और वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी थी। हावड़ा में भीड़ की ओर से उत्पात मचाने, वाहनों को जलाने, पथराव करने और दुकानों में तोड़फोड़ करने के बाद इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान पुलिस के कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। हावड़ा के बाद रविवार को हुगली में भी हिंसा हुई थी। सुकांत मजूमदार ने अपने पत्र में लिखा था कि हुगली जिले में भी बीजेपी की शोभायात्रा में बवाल किया गया। फिर रेलवे स्टेशनों पर भारी पथराव हुआ। जिसके बाद ट्रेन सेवाओं को निलंबित कर दिया गया था और इसे पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी यानी टीएमसी और उसके समर्थन के बिना जारी नहीं रखा जा सकता था। बीजेपी अध्यक्ष और लोकसभा सांसद सुकांत मजूमदार के नेतृत्व में बीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को हिंसा की हालिया घटनाओं के मामले में राज्यपाल सीवी आनंद बोस से मुलाकात भी की।



### पश्चिम बंगाल में दंगों की फंड़िंग करती है बीजेपी: ममता
### राज्य में स्थिति जम्मू-कश्मीर व पाकिस्तान जैसी: बीजेपी

पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा की घटनाओं को लेकर बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हिंसा की शुरूआत से ही बीजेपी पर इस तरह के दंगे भड़काने का आरोप लगा रही है। वहीं, विपक्ष के नेताओं ने इसे राज्य सरकार की विफलता करार दिया है। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का कहना है कि हिंसक घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों की संपत्ति को जब्त कर लिया जाएगा और कानून के मुताबिक उसकी नीलामी होगी। इतना ही नहीं सीएम ममता ने बीजेपी पर दंगे कराने का आरोप भी लगाया. उन्होंने कहा बीजेपी पश्चिम बंगाल में दंगों की फंड़िंग करती है। बीजेपी हिंसा को बढ़ावा दे रही है। ये सभी दंगे उनकी योजना के मुताबिक हो रहे हैं।

वहीं बीजेपी सांसद लॉकेट चटर्जी ने हावड़ा और हुगली जिलों में सांप्रदायिक झड़पों के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में स्थिति जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान जैसी हो गई है। उन्होंने कहा कि सागरदिघी उपचुनाव हारने के बाद ममता बनर्जी 30% मुस्लिम वोट पाने के लिए यह सब कर रही हैं। चूंकि पंचायत चुनाव करीब हैं और लोकसभा चुनाव अगले साल होने वाले हैं, इसलिए ममता बनर्जी 'तुष्टीकरण की राजनीति'कर रही हैं। बंगाल में हिंदू खतरे में हैं। बीजेपी हमेशा हिंदुओं के साथ खड़ी रहेगी और उनके हितों की रक्षा करेगी।

बीजेपी नेता शुभेन्दु अधिकारी ने कहा कि बिना किसी उकसावे के रामनवमी के जुलूस पर कैसे हमला किया गया,ये ममता बनर्जी के तुष्टीकरण का परिणाम है। आज बमबारी और आगजनी की घटनाएं क्यों हुई? आज किसी ने कोई जुलूस नहीं निकाला। राज्य सरकार ने दावा किया सब ठीक है। कानून व्यवस्था बनाए रखने में यह सरकार पूरी तरह विफल है। बंगाल के शांतिप्रिय लोगों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती ही एकमात्र समाधान है।

### बंगाल में हुई हिंसा मामले का एक आरोपित मुंगेर से गिरफ्तार

बंगाल में रामनवमी के दिन हिंसा मामले में पुलिस ने एक आरोपित को बिहार के मुंगेर जिला से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सुमित साव के रूप में की गई है। पश्चिम बंगाल में शोभायात्रा के दौरान उपद्रव फैलाने के बाद वह बिहार के मुंगेर जिला में अपने दोस्त के ठिकाने पर छिपकर बैठा था। हावड़ा में रामनवमी के जुलूस के दौरान उसका हथियार लहराते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। बंगाल पुलिस ने मंगलवार को उसे मुंगेर के कासिम बाजार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पश्चिम बंगाल की पुलिस मेडिकल जांच कराकर सुमित को कोर्ट में प्रस्तुत करेगी। इसके बाद सुमित को पश्चिम बंगाल साथ ले जाएगी। आरोपित सुमित साव को कासिम बाजार थाना क्षेत्र मक्ससपुर इलाके में अपने दोस्त के यहां से गिरफ्तार किया गया। सुमित पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। रामनवमी के बाद वह मुंगेर जिले के धरहरा प्रखंड के बंगलवा में रिश्तेदार के यहां आया था। रिश्तेदार से मिलने के बाद यह कासिम बाजार थाना क्षेत्र में अपने दोस्त के यहां रह रहा था। सोमवार की देर रात बंगाल की पुलिस मुंगेर पहुंची और कासिम बाजार पुलिस की मदद से आरोपी सुमित को गिरफ्तार किया।

### लगातार पांचवें दिन बंगाल में बवाल, इंटरनेट सेवा बंद

बंगाल में रामनवमी के दिन शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। हावड़ा, हुगली समेत कई हिस्सों में माहौल तनावपूर्ण है। राज्य सरकार ने धारा 144 लागू कर इंटरनेट सेवा पर रोक लगा दी। मंगलवार को भी हुगली जिला हिंसा की आग में सुलगता रहा। देर रात स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब लोगों के एक समूह ने रिशरा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे फाटक पर बड़े देसी बम फेंकना शुरू कर दिया। कुछ उपद्रवियों ने रेलवे ट्रैक से गुजरने वाली ट्रेनों पर पथराव किया और स्टेशन के पास एक वाहन में आग लगा दी।

### अगर हिंदुओं पर हमला होगा तो बर्दाश्त नहीं करेंगे: गिरिराज

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार और पश्चिम बंगाल में हिंसा को लेकर नीतीश कुमार और ममता बनर्जी पर हमला बोला है। गिरिराज ने खुले शब्दों में कहा ये (नीतीश) बिहार को पाकिस्तान और बांग्लादेश बना रहे हैं? तो वहीं, बंगाल को ममता पुराना कश्मीर बनाना चाहती हैं। गिरिराज सिंह ने कहा, ये मुसलमानों का वोट हासिल करने के लिए हिंदुओं पर हमले करवा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, वोट के खातिर ये रमजान में छुट्टी दे रहे हैं। शुक्रवार को स्कूलों में छुट्टियां हो रही हैं। आप (नीतीश) लाल किला बना लें, आप ताज महल बना लें, आप मस्जिद भी बना लें हमें कोई लेना देना नहीं लेकिन अगर हिंदुओं पर हमला होगा तो उसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने तल्ख अंदाज में बोलते हुए कहा, क्या



हिंदुओं ने ही अपने जुलूस पर पत्थर फेंका? ये हिंदुओं को ही गाली दे रहे हैं हिंदू ने मार भी खाई, हिंदुओं के जुलूस भी अपमानित हुए, हिंदू की आस्था को भी चोट पहुंची और ये लोग उन्हें ही गाली दे रहे हैं। उधर ममता बनर्जी पर हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने कहा, मुख्यमंत्री ने राज्य को ऐसा बना दिया है कि अब वहां से हिंदु पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। ममता राज्य में 1990 कश्मीर की स्थिति लाना चाहती हैं। गिरिराज ने यहां ममता बनर्जी और नीतीश कुमार पर सीधा वार करते हुए कहा, ये चाहते हैं हिंदु जाए भाड़ में मुस्लमान का वोट सुरक्षित रहे।

## रहें सावधान... पटना में मिला कोरोना वायरस का नया वैरिएंट

◆ बिहार में कुल सक्रिय कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर 44 हुई, इसमें 30 मरीज पटना के

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में कोरोना के नए मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सोमवार को राज्य में तीन नए कोरोना संक्रमित मिले, इसमे दो राजधानी पटना और एक संक्रमित गया में मिला है। इसमें से एक संक्रमित में कोरोना का नया वैरिएंट (एक्सबीबी 1.16) का भी पाया गया है। नए वैरिएंट की पुष्टि जिनोम सिक्वेंसिंग से हुई है। डॉक्टरों की माने तो कोरोना के एक्सबीबी 1.16 का इनफेक्शन रेट अधिक है। इसके लक्षण भी सामान्य कोरोना के जैसे ही है. बता दें कि इससे पहले रविवार को बिहार में कोरोना के 13 नए मरीज मिले थे।

पीएमसीएच के वरीय फिजिशियन डॉ. बीके चौधरी ने कोरोना के इस नए वैरिएंट को लेकर बताया कि इसका संक्रमण गले में नहीं उतर रहा है। इसलिए इससे होने वाले संक्रमण की स्थिति फिलहाल गंभीर नहीं हो रही है। वैसे अभी ये कहना मुश्किल है कि नया वैरिएंट भविष्य में क्या स्थिति उत्पन्न करने वाला है। इसकी सीवियरिटी और इनफेक्टिविटी रेट के बारे में भी कुछ कहना मुश्किल है। डॉ. चौधरी ने आगे बताया कि जिन लोगों को पहले कोरोना हो चुका है या जो कोरोना वैक्सीन के दोनों टीके और बुस्टर डॉज ले चुके हैं वो काफी हद तक इस वैरिएंट से सुरक्षित हैं। बिहार में कुल सक्रिय कोरोना मरीजों की संख्या अब बढ़कर 44 हो गई है। इसमें 30 मरीज सिर्फ राजधानी पटना के हैं। पटना में सोमवार को जो 2 मरीज मिले हैं, उनकी कोई पास्ट ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है और ना ही कोरोना के लक्षण है।



### कहीं हार्ट अटैक का कोरोना से कनेक्शन तो नहीं

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना महामारी का खतरा एक बार फिर बढ़ गया है. लगातार बढ़ रहे कोविड के केसों ने सरकार को भी चिंता में डाल दिया है। इसके साथ ही कोरोना को हार्ट अटैक से भी जोड़कर देखा जा रहा है। इन सभी मसलों पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि कोविड एक ऐसा वायरस है जो बदलता रहता है और भारत में इसके अब तक 214 प्रकार पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसका अनुमान लगाना बेहद मुश्किल है कि कोरोना कैसा व्यवहार करेगा लेकिन जो नए केसों में उछाल लाने वाले सब-वेरिएंट उतने खतरनाक नहीं हैं। सरकार की तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, आईसीयू बेड, ऑक्सीजन की आपूर्ति और अन्य महत्वपूर्ण देखभाल की व्यवस्था की गई है। इसको लेकर उन्होंने कहा, हमने बहुत सारे युवा कलाकारों, एथलीटों, खिलाड़ियों को देखा कि वे परफॉर्म कर रहे होते हैं और मंच पर ही उनकी जान चली गई. हम सभी ने यह देखा और कई जगहों से रिपोर्टें आने लगीं। ऐसे में हमें जांच करने की जरूरत थी कि क्या कोरोना और हार्ट अटैक के बीच कोई कनेक्शन है। सरकार रिसर्च कर रही है और इसकी रिपोर्ट 2 से 3 महीनों में आ जाएगी।

### मणिपुर में बम विस्फोट में 5 मजदूर घायल, इनमें 2 बिहार के

**इंफाल।** मणिपुर में बम विस्फोट में 5 मजदूर घायल हुए हैं। इनमें 2 बिहार के रहने वाले हैं। घायलों की पहचान संजय कुमार प्रसाद (30) एक ठेला चालक और मंगल महतो (52) एक दुकानदार के रूप में हुई है। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। बाकी 3 मजदूर की हालत ठीक बताई जा रही है। धमाका इतना जोरदार था कि सड़क के बीचोबीच गड्ढा हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार धमाका शहर के बीचो-बीच व्यूलैंड चर्च के पास सोमवार शाम साढ़े छह बजे हुआ। एक ठेले के नीचे रखे आईइडी में ब्लास्ट हुआ। घायलों को इलाज के लिए उखरुल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि संजय कुमार प्रसाद और मंगल महतो बिहार के निवासी हैं, जिन्हें चिकित्सकों ने इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी है।

## सिक्किम के नाथुला में भारी हिमस्खलन में सात पर्यटकों की मौत, 20 लोगों की बचाई गई जान

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सिक्किम के नाथुला में मंगलवार सुबह हुए भारी हिमस्खलन में सात पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 20 लोगों को बचा लिया गया। घायलों को घटनास्थल पर ही मेडिकल सुविधा दी जा गई। अभी भी कइयों के फंसे होने आशंका है। ऑपरेशन ऑल आउट के तहत युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य जारी है। मंगलवार सुबह हुए इस भीषण हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने दुख जताया है।

सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 11.10 बजे, गंगटोक को नाथुला से जोड़ने वाले जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर भारी हिमस्खलन हुआ। नाथूला के रास्ते में 20-30 पर्यटकों के साथ लगभग 5-6 वाहनों के बर्फ के नीचे दबने की आशंका है। घटना की जानकारी



मिलते ही त्रिशक्ति कोर, भारतीय सेना और बीआरओ परियोजना की स्वास्तिक की टीम तुरंत राहत व बचाव कार्य शुरू किया।

सेना के प्रवक्ता ने बताया कि शाम चार बजे तक 20 पर्यटकों को बचाया गया है, इनमें छह को गहरी घाटी से बचाया गया है। उन्हें हल्की चोटें आई हैं। डॉक्टरों की टीम ने उनका इलाज किया। वहीं इस दुर्घटना में सात लोगों ने दम तोड़ दिया है। सूत्रों के मुताबिक इनमें चार पुरुष, दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। सेना, राज्य आपदा प्रबंधन दल और पुलिस लोगों की तलाश में राहत व बचाव अभियान जारी रखे हुए हैं। इसके अलावा सड़क से बर्फ हटाने के बाद रास्ते में फंसे 350 पर्यटकों और 80 वाहनों को बचाया गया।

### अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों को चीन ने दिया नया नाम

**नई दिल्ली।** एक बार फिर चीन ने अरुणाचल से जुड़ी जगहों का नाम अपने नक्शे में बदला है। इसपर अब विदेश मंत्रालय का बयान सामने आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब चीन ने इस तरह की कोशिश की है। हम इसे सिरे से खारिज करते हैं। अरुणाचल भारत का अभिन्न, अविच्छेद्य अंग है। उन्होंने कहा कि आविष्कार किए गए नामों को सौंपने का प्रयास इस वास्तविकता को नहीं बदलेगा। दरअसल, चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने 1 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 जगहों के मानकीकृत नाम जारी किए, जिसे वह स्टेट काउंसिल, चीन की कैबिनेट की जारी भौगोलिक नामों पर नियमों के अनुसार 'तिब्बत का दक्षिणी भाग जंगनान' बताता है। इस लिस्ट में दो रिहाइशी इलाके, पांच पर्वत चोटियां, दो नदियां और दो अन्य इलाके शामिल हैं।




### भारत दौरे पर आए भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात

# भारत और भूटान के बीच राष्ट्रहित सहित द्विपक्षीय संबंधों पर हुई बात

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भारत के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर कई मुद्दों पर बातचीत की। इस बीच ऐसी संभावना जताई गई कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत में भूटान नरेश ने डोकलाम मुद्दे पर भी चर्चा की। विदेश सचिव विनय क्वात्रा से जब इस बारे मे पूछा गया तो उन्होंने कहा



कि सुरक्षा सहयोग के संबंध में भारत और भूटान एक दूसरे के संपर्क में है। क्वात्रा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भूटान नरेश के भारत दौरे से हमें एक ऐसा अवसर मिला, जिससे हम विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने का खाका तैयार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मोदी और भूटान नरेश की बैठक में राष्ट्रहित सहित द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत हुई। दरअसल भूटान नरेश सोमवार से तीन दिवसीय भारत दौरे पर हैं। उनका यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत ने भूटान पर चीन के बढ़ते प्रभुत्व को लेकर चिंता जताई है। यह चिंता डोकलाम को लेकर भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग की टिप्पणी के बाद सामने आई है। हालांकि, भूटान यह कहता रहा है कि सीमा विवाद को लेकर उसके रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ है। डोकलाम को लेकर भारत और चीन के बीच जारी विवाद के बीच भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने हाल में कहा था कि चीन ने हमारे क्षेत्र में कोई घुसपैठ नहीं की है. इस बयान से भारत की चिंता बढ़ गई थी।

बता दें कि भूटान रणनीतिक रूप से भारत के लिए एक महत्वपूर्ण देश है। बीते कुछ सालों में दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों में काफी विस्तार हुआ है।

# फरीदाबाद में रह रहे आरा के 12वीं के छात्र की चाकू से गोदकर हत्या, घर में कोहराम

**केटी न्यूज/आरा**

हरियाणा में आरा के एक छात्र की बेरहमी से हत्या कर दी गयी। अपराधियों ने घर में घुसकर अपने भाई के साथ सो रहे छात्र को चाकूओं से गोद डाला। उसके शरीर पर पांच जगह नुकीले हथियार के गहरे जख्म के निशान मिले हैं। घटना हरियाणा के फरीदाबाद शहर की संजय कॉलोनी की सोमवार की देर रात की बतायी जा रही है। मृत छात्र मूल रूप से आरा निवासी संतोष कुमार का 19 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार था। वह अपने परिवार के साथ हरियाणा के फरीदाबाद में किराये के मकान में रहता था। वह फरीदाबाद में पढ़ाई करता था और 12 वीं का छात्र था। उसके पिता वहीं किसी कंपनी में जॉब करते हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम विशाल के पिता ड्यूटी करने गये थे। रात करीब नौ बजे उसके परिवार के सभी लोग खाकर सो गये। विशाल अपने भाई बादल के साथ फर्श पर सोया था। वहीं उसकी मां और बहन पलंग पर सो रही थी। रात करीब एक बजे अपराधी उसके घर में घुस गया और विशाल को चाकूओं से गोद डाला। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर भाई सहित अन्य परिजनों की नींद खुल गयी। उसके बाद विशाल को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इधर, छात्र की हत्या से उसके घर में कोहराम मचा है।

**छत से घर में घुसा हमलावरः**

बताया जा रहा है कि रात में विशाल के घर का मेन गेट बंद था, लेकिन कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। ऐसी आशंका है कि हमलावर छत के रास्ते से उसके कमरे में घुसा होगा। वारदात को अंजाम देने के बाद मेनगेट को खोलकर फरार हो गया। हमलावर का चेहरे तौलिया से ढका हुआ था। ऐसे में उसकी पहचान नहीं हो सकी।

# दु:खद: गंगा नदी में स्नान करने गए युवक की डूबने से मौत

- धोबहां ओपी क्षेत्र के लच्छु टोला गांव की घटना
- नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने के कारण गंगा में डूब गया युवक
- चचेरे भाई की सूचना पर घर के लोग जबतक पहुंचते तब तक हो चुकी थी मौत

**केटी न्यूज/आरा**





जिले के धोबहां ओपी क्षेत्र के लच्छु टोला गांव स्थित गंगा नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण वह डूब गया। मृत युवक लच्छु टोला गांव निवासी भीखन यादव का 23 वर्षीय पुत्र निखिल यादव था। वह यूपी के कानपुर की कंपनी में प्राइवेट जॉब करता था। बताया जा रहा है कि वह मंगलवार की सुबह करीब सात बजे अपने चचेरे भाई के साथ गांव स्थित गंगा नदी में नहाने गया था। उसका चचेरा भाई घाट के किनारे नहा रहा था, जबकि निखिल दूर चला गया। इस बीच वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। उसे डूबता देख चचेरा भाई दौड़ कर उसके घर गया और परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन और काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। उसके बाद स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से उसकी तलाश शुरू की गयी। करीब घंटे भर बाद उसका शव बरामद किया गया। हादसे की सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

**तीन भाई-बहन में सबसे बड़ा था निखिलः** परिजनों के अनुसार निखिल कानपुर की एक कंपनी में काम करता था। वह करीब दस रोज पहले ही कानपुर से वापस गांव आया था। इस बीच हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि निखिल यादव दो भाई व एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां मीना देवी, भाई सचिन कुमार और बहन अनूपा कुमारी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## खबरें फटाफट

### उत्पाद टीम पर हमला मामले में 50 लोगों केस दर्ज

**आरा।** भोजपुर के सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप के राजदेव नगर में सोमवार की देर शाम उत्पाद विभाग की टीम और ग्रामीणों के बीच झड़प के मामले में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। ग्रामीणों पर छापेमारी करने गयी उत्पाद विभाग की टीम पर हमला करने का केस किया गया है। इसमें चार से पांच नामजद, जबकि करीब 40-50 अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है। वहीं प्राथमिकी दर्ज करने केस बाद पुलिस मामले की छानबीन और धरपकड़ में जुट गयी है। सोमवार की शाम करीब छह बजे शराब को लेकर उत्पाद निरीक्षक आलोक कुमार सहगल के नेतृत्व में टीम छापेमारी करने राजदेव नगर महादलित बस्ती में गयी थी। उस दौरान टीम द्वारा बस्ती के एक-दो लोगों को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तारी कर लिया गया था। तब ग्रामीण श्राद्धकर्म में आये रिश्तेदारों को पकड़े जाने का आरोप लगाते हुए उत्पाद टीम से भिड़ गए। इसके बाद पुलिस और ग्रामीणों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई थी। जमकर लाठी-डंडे और ईंट पत्थर चले। उसमें उत्पाद इंस्पेक्टर और ग्रामीणों सहित करीब दर्जन भर लोग जख्मी हो गए थे।

## सहार थाना क्षेत्र के नोनउर मोड़ के समीप हुई घटना, आक्रोशित लोगों ने किया रोड जाम

# बाइक से स्कूल जा रहे बाप-बेटे को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, दोनों की हालत गंभीर

- रोड जाम होने के कारण दो घंटे तक बाधित रहा आवागमन
- पुलिस ने जब्त की ट्रक, ट्रक से मिला बोरे में भरा सिक्के

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-अरवल रोड पर सहार थाना क्षेत्र के नोनउर मोड़ के समीप मंगलवार की दोपहर तेज रफ्तार एक ट्रक ने बाइक सवार बाप-बेटे को रौंद डाला। उसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिसमें एक की हालत गंभीर बनी है। उसे पटना रेफर कर दिया गया है। घायलों में सहार थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव निवासी रंजन राय और उनका 10 वर्षीय पुत्र अनिकेत कुमार शामिल है। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़ भाग निकला। उसे मौके पर पहुंची पुलिस ने जब्त कर लिया। ट्रक से बोरे में भरा सिक्का और कुछ नगदी भी बरामद की गयी है। उधर, हादसे के बाद ग्रामीण भड़क उठे और सड़क पर उतर गये। गुस्साए लोगों द्वारा मुआवजे की मांग को लेकर रोड जाम कर दिया गया। ग्रामीणों की ओर से चालक और खलासी की गिरफ्तारी की भी मांग की जा रही थी। उससे करीब ढाई घंटे तक आरा-अरवल रोड पर आवागमन बाधित रहा।







सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार पुलिसबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाकर जाम हटवाया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रंजन राय अपने पुत्र अनिकेत कुमार का री- एडमिशन कराने सहार स्थित निजी स्कूल जा रहे थे। उसी दौरान नोनउर मोड़ के समीप एक बेलगाम ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। उससे दोनों बाप-बेटे बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए सहार रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद रंजन राय की हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। उनके बेटे अनिकेत कुमार का इलाज शहर रेफरल में ही कराया जा रहा है। इधर, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब्त ट्रक से दो बोरे सिक्के और कुछ नोट पाए गए हैं। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि एक ट्रक को संदेह के आधार पर पकड़ा गया था। ट्रक के सीट के नीचे से दो बोरे मिले हैं। उसमें सिर्फ सिक्का भरा हुआ है। उन्होंने बताया कि ट्रक एक गुड़ के व्यापारी का है। वह बेच कर पैसा ले जा रहा था।

## एक नजर

### कार में सवार होकर आए बदमाशों ने दूसरे कार सवार को हथियार के बल पर लूटा

**गया।** गया में बदमाशों ने एक कार सवार को लूट लिया। लुटेरे भी कार पर सवार होकर आए थे। घटना गया-फतेहपुर मुख्य मार्ग स्थित ग्रीन फील्ड स्कूल के पास की है। पीड़ित ने बताया कि वे डिहरी से अपने घर जमुई लौट रहे थे। इसी दौरान घटना हुई। बताया कि लुटेरों ने फायरिंग भी की । इसके बाद कार चला रहे शख्स को पिस्टल के बट से मार कर जख्मी कर दिया। इसी बीच रास्ते में यह घटना हुई। कार चालक सत्य प्रकाश ने बताया कि हम परिवार के चार लोग कार से डिहरी से अपनी कार से जमुई लौट रहे थे। सुबह करीब साढ़े चार बजे गया फतेहपुर मुख्य मार्ग स्थित बाइपास से क्रास कर रहे थे। इसी बीच तेज गति से एक कार आई और हमारी कार के आगे रोक दिया। कार के रोके जाने के साथ उसमें से 6-7 लड़के निकले और हमारे साथ मारपीट करने लगे। यही नहीं पिस्टल के बट से सिर और कान पर चोट मार कर जख्मी कर दिया। साथ ही रुपये पैसे लूटने लगे। यह देखते ही हमारी कार में सवार अन्य लोग बाहर निकले तो उनके साथ भी वे उलझ गए और उन सभी से रुपए पैसे और मोबाइल लूट लिए। इसके बाद हवाई फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। सत्यप्रकाश ने बताया कि लुटेरे कार की चाबी भी लूट कर चले गए। जब वे भाग रहे थे तो उनसे कहा भी कि गाड़ी की चाबी दे दो तो लुटेरे कुछ नहीं सुने। उन्होंने बताया कि लुटेरों ने कुल मिला कर 15-20 हजार रुपए लूट लिए हैं।

### मगही भाषा के हित में पदयात्रा की रूपरेखा तय करना सराहनीय पहल: शिवनारायण कुशवाहा

**जहानाबाद।** काफी समृद्ध भाषा होने के वाबजूद भी मगही भाषा को अबतक अष्टम अनुसूची में शामिल नहीं कर पाना दुर्भाग्य की बात है। लंबे अर्से बाद इस मामले को धरातल पर लाने हेतु समाजवादी लोक परिषद की भूमिका निहायत ही सराहनीय है जो गया विष्णुपद से राजभवन पटना तक पदयात्रा करने जा रही है। निर्धारित रुपरेखा के मुताबिक मगही पदयात्रा 06 अप्रैल को ज्ञान भूमि गया से प्रारंभ करते हुए पंचानपुर,टेकारी, कुर्था, किंजर , इमामगंज,पालीगंज नौबतपुर के रास्ते 12 अप्रैल को राजभवन पटना पहुंचेगी। यहां राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ऐसे में इस पूरे कार्यक्रम के मद्देनजर शिवभजन सिंह स्मृति विचार मंच जहानाबाद के अध्यक्ष शिवनारायण कुशवाहा ने बताया कि मगही मेरी जननी के समान है, जिसका सम्मान करना हम सभी मगहिया का दायित्व बनता है।पूरे श्रद्धापूर्वक शिवभजन सिंह स्मृति विचार मंच के लोग महा पदयात्रा को सकारात्मक कदम के रूप में देखते हुए वैचारिक साथ देने का मन बनाया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान परिदृश्य में मगही भाषा के प्रति युवा वर्ग का रूझान कम होना एक चिंतनीय विषय है।

### गृहमंत्री अमित शाह कॉरपोरेट घोटाले की जांच कराएं, दोषियों को दंड दिलाएं: जदयू

**जहानाबाद।** जेडीयू के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा है कि गृह मंत्री अमित शाह देश से भ्रष्टाचार समाप्त करने का दंभ भरते हैं लेकिन देश



के सबसे बड़े कॉरपोरेट घोटाले पर मौन धारण क्यों किये हुए हैं ? यदि हिम्मत है तो अपने पालतू तोतों को कॉरपोरेट घोटाले की जांच में लगाइए और दोषियो को दंड दीजिये,यह आपकी ज़िम्मेवारी है लेकिन आप मौन हैं! इस देश की न्यायपालिका हैं जो जिसने देश की जनता द्वारा निवेश की गई गाढ़ी कमाई पर संज्ञान लिया और जांच का आदेश दिया। यह भी सच हैं कि आपके पालतू तोतों को समय भी नहीं है,वे तो आपके राजनितिक विरोधियों को लपेटने में व्यस्त हैं, आपके नजदीकियों के पास फटकने की उनमें हिम्मत कहां है! जिला उपाध्यक्ष सह संगठन प्रभारी महेन्द्र कुमार सिंह ने कहा हैं कि भारत की बैंको से पैसा लेकर रफू चकर होने वालों में विजय माल्या, ललित मोदी, संजय भंडारी, जतिन मेहता, निरव मोदी,मेहुल चौकसी आदि दर्जनों कारपोरेट लोग कहा है! इसकी भी अमित शाह जांच कराये! उन्होंने ने कहा कि अमित शाह उल्टा लटकाने की बात करते हैं तो वह कारपोरेट लोग जो भारत का पैसा लेकर रफू चकर हुए हैं उनपर मेहरबानी क्यो है उनलोगो को उल्टा क्यो नहीं लटका रहें हैं!

### राजकीयकृत मध्य विधालय रामपुर में पीएनबी ने लगाया वाटर कूलर और आरओ

**जहानाबाद।** पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) की ओर से मंगलवार को रामपुर स्थित राजकीयकृत मध्य विधालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों के



लिए शुद्ध एवं शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर और आरओ स्थापित किया गया। इस अवसर पर पीएनबी मंडल कार्यलय गया के मंडल प्रमुख विवेक कुमार सिंह ने कहा कि समय-समय पर पीएनबी के सौजन्य से इस स्कूल में पंखे, कंप्यूटर, इत्यादि पहले भी दिए जा चुके हैं साथ ही साथ यहां शौचालय की व्यवस्था और पौधारोपण का कार्य भी पूर्व में किया जा चुका है। अतः इस बार की गर्मी के मौसम को देखते हुए तथा छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वाटर कूलर तथा आर ओ अधिस्थापित किया गया है। मौके पर राजकीयकृत मध्य विधालय के प्रधानाचार्य कमलेश प्रसाद सिंह, मुखिया संजय कुमार चौधरी, विधालय समिति के सदस्य शक्ति पासवान तथा उमता ओपी प्रभारी उदय शंकर उपस्थित रहे।

# हिंसा के बाद बिहारशरीफ में पटरी पर लौटने लगी जिंदगी

**केटी न्यूज/पटना**

नालंदा जिले के बिहारशरीफ की रौनक पांच दिनों के बाद धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगी है। मंगलवार को शहर की अधिकतर दुकानें खुलीं। शहर के कुछ संवेदनशील इलाकों में दुकानें बंद रहीं। कुछ संख्या में टेम्पो व ई-रिक्शा भी चलती देखी गयी। हालांकि, उनमें सवारी नाममात्र के ही थे। दो बजे अधिकतर लोगों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद कर दीं। चार बजे कई स्थानों पर पुलिस दुकानों को बंद कराती दिखी। दो अप्रैल से शहर में शांति का माहौल है। उसके बाद से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। शहर में अफवाहों का बाजार अब भी गर्म है। विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग भी संवेदना जताने के लिए पहुंचने लगे। मंगलवार को निकाले गये सद्भावना मार्च का अच्छा असर देखने को मिला। बुधवार को सोहसराय इलाके



में मार्च निकाला जाएगा।

डीएम शशांक शुभंकर ने कलेक्ट्रेट के हरदेव भवन सभागार में सभी बीडीओ व सीओ के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि अफवाहों को रोकना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। सभी प्रखंडों में संवेदनशील गांव व टोलों की सूची तैयार करने को कहा गया है। इन गांवों से सूचना जुटाकर अफवाहों का तुरंत खंडन करने को कहा। थानास्तर पर जनप्रतिनिधियों, सभी समुदाय व जातियों के प्रतिनिधि के साथ बैठक करनी है। शहर से कुछ असामाजित तत्व गांवों में भाग गये हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित करने को कहा गया है। बैठक में डीडीसी वैभव श्रीवास्तव आदि शामिल थे। शहर में फैल रही कई अफवाहों को डीएम व एसपी ने वीडियो जारी कर खंडन किया है।

# भोजपुर के 132 दागी चिन्हित 104 के खिलाफ गुंडा प्रस्ताव

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में अपराधियों और माफियाओं की गिरफ्तारी के साथ ही दागियों की नकेल कसने की कवायद जारी है। इसके तहत पिछले मार्च माह में 134 दागियों को चिन्हित किया गया है। उनमें 104 के खिलाफ गुंडा, 22 दागियों के खिलाफ निगरानी और पांच के विरुद्ध फरारी का प्रस्ताव भेजा है। वहीं दो दागियों के खिलाफ सीसीए का प्रस्ताव भी भेजा गया है। धरपकड़ अभियान के तहत हत्या, लूट और डकैती सहित विभिन्न कांडों के 1160 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 374 आरोपितों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गयी है। एसपी के अनुसार एक से 31 मार्च के बीच चले अभियान के दौरान हत्या के 29, डकैती में तीन, लूट में 17, रेप में पांच, रंगदारी में दो और आर्म्स एक्ट में 25 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उस दौरान दस शस्त्र, 84 गोलियां और छह खोखे बरामद किए गए हैं। 104 दागियों के विरुद्ध गुंडा, पांच के खिलाफ फरारी, 22 के खिलाफ निगरानी जबकि दो के खिलाफ सीसीए का प्रस्ताव भेजा गया है।

**तोड़ी गयीं अवैध शराब की 769 भट्ठियां:** भोजपुर पुलिस द्वारा चलाये गये अभियान के दौरान मार्च माह में अवैध शराब की 769 भट्ठियां तोड़ी गयी। नौ हजार लीटर से अधिक शराब भी बरामद की गयी। शराब बेचने और पीने में 576 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## एआईपीएफ की ओर से फासीवाद के खिलाफ संघर्ष का बिहार मॉडल विषय पर परिचर्चा का आयोजन

# बिहारशरीफ की पहचान मिटाने के लिए कराया गया दंगा: दीपंकर भट्टाचार्य

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी के आईएमए हॉल में एआईपीएफ की ओर से ' फासीवाद के खिलाफ संघर्ष का बिहार मॉडल' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, मीना तिवारी, माले विधायक दल के नेता महबूब आलम, विधायक संदीप सौरभ आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि बिहारशरीफ को दंगे के लिए सोच-समझ कर चुना गया, ताकि एक पूरी पहचान को मिटा दें।

इसमें छिपी हुई बात नहीं है कि बिहारशरीफ में रामनवमी के दिन जो हुआ उसके दूसरे ही दिन भाजपा नेता और गृह



मंत्री अमित शाह ने नवादा के भाषण में जो कहा वह पूरक की तरह है। अमित शाह ने बिहारशरीफ की घटना से अपने भाषण को जोड़ा और कहा कि 2024 में 40 सीटें दे दीजिए और जब 2025 का चुनाव आए तो भाजपा को पूर्ण बहुमत दे दीजिए हम आपको बता देंगे कि दंगाइयों को कैसे उल्टा करके लटका दिया जाता है!

उन्होंने कहा कि गुजरात के चुनाव में भी इसी तरह से कहा गया था। अमित शाह ने तब कहा था कि हमने गुजरात में दंगाइयों को ऐसा सबक सिखाया कि वहीं स्थायी शांति कायम हो गई। दीपंकर ने कहा कि दंगाई शब्द का इस्तेमाल मुसलमानों को लिए वे करते हैं। कहा कि बिहार में एक मॉडल है जिसकी जरूरत देश को है। देश भर में बिहार मॉडल की बात हो रही है। गुजरात मॉडल जनसंहार पर आधारित मॉडल है। वहां जनसंहार के बल पर सरकार बनी थी। गुजरात दंगे के बाद भाजपा नेता ने एक इंटरव्यू में कहा था कि हम मीडिया पर कंट्रोल नहीं कर पाए।

दीपंकर ने कहा कि बिहार में भी जनसंहार हुए लेकिन यहां उस पर सवाल उठे। गुजरात दंगे का छोटे-छोटा उदाहरण दिखता रहा है। दलितों- महिलाओं वंचित लोगों के खिलाफ सामंती हिंसा खूब हुई लेकिन बिहार ने कभी इसे मॉडल के रुप में स्वीकार नहीं किया। सांप्रदायिक उन्माद को पूंजी बनाकर भाजपा आना चाहती है।

ऐसी राजनीति को बिहार में स्वीकार नहीं किया जाएगा। गुजरात की तरह बिहार दंगा को, नरसंहार को स्वीकार नहीं कर सकता। बिहार में जब-जब नरसंहार हुआ न्याय की आवाज उठी, यह अलग बात है कि हमें न्याय नहीं मिला। लेकिन लोगों ने यही चाहा कि ऐसा दंगा, ऐसा नरसंहार दोबारा नहीं हो। आडवाणी की रथ यात्रा को रोकने वाला बिहार ही था।

## खबरें फटाफट

### बक्सर पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर गिरोह

**बक्सर।** बक्सर के औद्योगिक थाने की पुलिस ने एक बाइक चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता पाई है। जानकारी के अनुसार सोमवार को चोरी की एक बाइक के साथ औद्योगिक थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर मेन रोड स्थित एक दुकान से नाटकीय अंदाज में दो युवकों को पकड़ा। इसके बाद उनकी निशानदेही पर पुलिस लगातार विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर रही है। सूत्रों का कहना है कि उनकी निशानदेही पर पुलिस को बाइक चोर गिरोह के उद्भेदन में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस गिरफ्त में आए चोरों द्वारा गिरोह के संबंध में अहम जानकारियां दी गई है। हालांकि पुलिस अभी इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रही है।

### कैफे संचालक से लूट के बाद सकते में हैं व्यवसायी

**सिमरी।** रविवार की रात स्थानीय थाना क्षेत्र के सुन्दरपुर मोड़ के पास कैफे संचालक भूपेन्द्र सिंह के साथ हुई लूट की घटना से व्यवसायी वर्ग सकते में है। व्यवसायियों में इस घटना से हड़कंप मचा है। वही स्थानीय पुलिस के लिए इस मामले का उद्भेदन चुनौती बना हुआ है। पुलिस घटना के बाद से लगातार छापेमारी करने का दावा कर रही है। लेकिन घटना के 48 घंटे बाद भी लूटेरों को पकड़ने में पुलिस को सफलता नहीं मिली है। गौरतलब है कि रविवार की रात लूटेरों ने गन प्वाइंट पर सहियार निवासी व जगदीशपुर में चाय कैफे का संचालन करने वाले भूपेन्द्र सिंह की बाइक, मोबाईल व 10 हजार रूपए लूट लिए थे। इस घटना ने 90 के दशक की यादें ताजा कर दी है। जब सुंदरपुर मोड़ में आए दिन लूट व छिनतई की वारदातें होती थीं।

# विश्व हिंदू परिषद के रोटी बैंक का एक साल पूरा, अब सप्ताह में दो दिन चलेगा अभियान

- मानवता की मिसाल कायम कर रहे विश्व हिंदू परिषद से जुड़े डुमरांव के युवा
- हर सप्ताह 100 से अधिक गरीबों को नि:शुल्क करा रहे भोजन

**केटी न्यूज/डुमरांव**





विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल डुमरांव में पिछले एक साल से एक अनोख अभियान चला रही है। रोटी बैंक के नाम से चलाए जा रहे इस अभियान के तहत विहिप प्रत्येक गुरुवार को गरीबों के बीच मुफ्त भोजन के पैकेट का वितरण करती है। प्रत्येक सप्ताह 100 से अधिक गरीबों को भोजन कराने का विहिप ने लक्ष्य निर्धारित किया था। इस अभियान के एक साल पूरा होने के बाद अब विहिप द्वारा इस अभियान को सप्ताह में दो दिन चलाने का निर्णय लिया गया है। अब गुरुवार के साथ ही सोमवार को भी रोटी बैंक द्वारा जरूरतमंदों का पेट भरा जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष विकास पाठक ने कहा कि हमारा संकल्प है राष्ट्रीय हित धर्म के साथ-साथ मानवता का भी कार्य इस बैनर तले होना चाहिए। जो हमने भोजन बैंक नाम से पहले से चिन्हित किए गए इलाकों में जाकर जरूरतमंदों एक वक्त की रोटी खिलाई जाती है। वही बजरंग दल के प्रखंड संयोजक संटू मित्रा ने कहा कि मानवता की सेवा से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के इस कार्यक्रम अभियान लगातार 55 सप्ताह से चला आ रहा है और आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि इसी बहाने असहाय लोगों की मदद की जाती है। विकास तथा संटू ने लोगों से अपील की है कि भोजन बचाकर आप कई लोगों का जीवन आसान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वे जिस रोटी व सब्जी का वितरण करते हैं वह ताजा होता है तथा उसी दिन उसे पकाया जाता है।

### स्टेशन इलाके में चलेगा सोमवार का अभियान

विकास पाठक और संटू मित्रा ने बताया कि सोमवार का अभियान रेलवे स्टेशन के आस पास चलेगा। कई ऐसे बेसहारा व बेवस यात्री होते है जो पैसे के अभाव में प्लेटफार्म व रेलवे स्टेशन परिसर में भूखे रात बिताते है। उन्हें चिन्हित कर भोजन कराया जाएगा। संटू ने बताया कि इस अभियान में उनके कार्यकताओं के अलावे समाज के कई अन्य लोग सराहनीय भूमिका निभा रहे है तथा विहिप के इस अभियान की चहुंओर सराहना हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सप्ताह चलने वाले अभियान में कई कार्यकर्ता अलग-अलग जिम्मेवारियों का निर्वहन करते हैं। जिनमें प्रमुख रूप से लालजी केसरी, राजू गुप्ता, गोलू कलवार, ऋषि राय, सूरज सिंह आदि सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

## कमलदह पोखर प्रांगण में वन विभाग पूजा स्थल से सटे करा रहा है शौचालय का निर्माण

# आस्था से खिलवाड़ पर भड़के लोग, बोले- शौचालय निर्माण रुके नहीं तो होगा आंदोलन

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर के धार्मिक धरोहरों में अग्रणी स्थान रखने वाले वेदशिरा आश्रम के पास स्थित कमलदह पोखर के सौंदर्यीकरण के नाम पर वन विभाग द्वारा लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वही पिछले दरवाजे को बंद कर तीन वार्ड के लोगों के स्वास्थ लाभ पर भी ग्रहण लगाया जा रहा है। जिसके खिलाफ सोमवार को स्थानीय लोग उग्र हो गए। लोगों ने तत्काल इस पर रोक लगाने की मांग वन विभाग के अधिकारियों से की। लेकिन वन विभाग द्वारा बताया गया कि डीएम अमन समीर शौचालय निर्माण के लिए इसी स्थल को स्वीकृति दिए है। जिसके बाद लोगों का आक्रोश भड़क गया। आक्रोशित लोगों ने बक्सर एसडीओ को आवेदन दे इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है और चेतावनी दी है कि रोक नहीं लगाए जाने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। आक्रोशित लोगों का नेतृत्व वार्ड 13 की पार्षद आशा तिवारी कर रही थी। उनके साथ वार्ड 13, 14 व 20 के दर्जनों महिला पुरूष थे। एसडीओ को वार्ड पार्षद के साथ ही तीनों वार्डो के लोगों ने आवेदन दे इस पर रोक लगाने की मांग की है।

विरोध जताने वालों में जगनारायण केशरी, कृष्णमुरारी प्रसाद, रामकुमार सिंह, शिव प्रसाद ओझा, हेमलता कुमारी, विश्वनाथ प्रसाद, मीरा कुमारी, धनजी प्रसाद, मो शमीम, आशुतोष ओझा, कैलाश प्रसाद विश्वकर्मा, शंकर वर्मा, किरण वर्मा, तृप्ति सोनी, राजकुमार साह, अशोक साह समेत कई अन्य शामिल है।

पार्षद आशा तिवारी ने बताया कि वन विभाग द्वारा कमलदह पोखर का सौंदर्यीकरण व पौधरोपण का काम किया जा रहा है। इस कड़ी में उसके पिछले दरवाजे को बंद किया जा रहा है। जबकि उसी दरवाजे से वार्ड 13, 14 व 20 के सैकड़ो महिला पुरूष हर दिन इस पार्क में स्वास्थ लाभ लेने आते है। रास्ता बंद होने से महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गो को पार्क में आने के लिए अब सीधे मुख्य सड़क पर आना होगा जो उनके लिए खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कमलदह पार्क के पीछे छोटा गेट लगाने की मांग की है। वही उन्होंने बताया कि पार्क के दक्षिणी पूर्वी छोर पर एक प्राचीन पीपल पेड़ व पूजा स्थल है। वन विभाग द्वारा इसी से सटे शौचालय निर्माण के लिए गड्ढा खोदवाया जा रहा है। जबकि इस जगह पर हर दिन तीनों वार्ड के सैकड़ो श्रद्धालु महिला व पुरूष पूजा अर्चना करने आते है। जबकि मोहल्लेवासियों ने कहा कि पूजा स्थल के पास शौचालय निर्माण करना उनकी धार्मिक आस्था से खिलवाड़ है।

**अनुपयोगी बना है पुराना शौचालयः** लोगों ने बताया कि इस परिसर में एक पुराना शौचालय है जिसमें महिला व पुरूष के लिए अलग-अलग सीटों का निर्माण कराया गया है। निर्माण के बाद से इस शौचालय का उपयोग भी नहीं हो सका है। लोगों ने सुझाव दिया कि इस पुराने शौचालय की सफाई होने के बाद यह उपयोग लायक हो जाएगा। इससे नया शौचालय बनवाने की जरूरत नहीं आएगी तथा लाखों रूपए भी बच जाएंगे। जबकि वन विभाग उस जगह शौचालय निर्माण पर अड़ा हुआ है।

कहते है प्रभारी एसडीओ

इस संबंध में बक्सर के प्रभारी एसडीओ दीपक कुमार ने कहा कि लोगों का आवेदन मिला है। इसकी जांच करवाई जा रही है।

## एक नजर

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए कोपवां के मिथिलेश कुमार



**डुमरांव।** अनुमंडल क्षेत्र के कोपवां के लाल मिथिलेश कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्यपाल द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया है। वे सिवान के जिला शिक्षा पदाधिकारी के रूप में कार्यरत है। बीपीएससी ने 1 अप्रैल को अपने 75 वें स्थापना दिवस के विशेष समारोह में बिहार के 15 अधिकारियों को सम्मानित किया है। सम्मानित होने वाले अधिकारियों की सूची में कोपवां गांव निवासी व सिवान के जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश कुमार का नाम भी शामिल था। जिन्हें पटना में आयोजित सम्मान समारोह में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीपीएससी के रूप में नोडल अधिकारी व बतौर बीपीएससी के जिला स्तरीय का बेहतरीन ढंग से संचालन कराने के लिए और इनके उत्कृष्ट कार्यों को देखकर बिहार के 38 जिलों के डीईओ में से सरकार ने इनके नाम का चयन किया था। वे मूल रूप से डुमरांव प्रखंड के कोपवा गांव निवासी स्व शिवकुमार सिंह के पुत्र है जो गदार्नीबाग के हाई स्कूल के प्रधानध्यापक से सेवानिवृत हुए थे। उन्हें सम्मान मिलने के बाद पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। बधाइयों का तांता लगा हुआ है। बधाई देने वाले में अवधेश सिंह, मुन्ना सिंह, अरुण सिंह पहलवान, रामेश्वर सिंह सहित सैकड़ों लोगों के नाम शामिल है।

### जीएसटी इंस्पेक्टर बन डुमरांव की पूजा बनी लड़कियों की प्रेरणास्त्रोत

**डुमरांव।** डुमरांव के एक सामान्य मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाली पूजा ने जीएसटी इंस्पेक्टर बन न सिर्फ अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है बल्कि



इस सफलता के बाद वह लड़कियों की प्रेरणास्त्रोत बन गई है। डुमरांव जैसे छोटे कस्बे में रहकर पढ़ाई करने वाली पूजा अपने कठिन परिश्रम की बदौलत पहले ही प्रयास में जीएसटी इंस्पेक्टर बनी है। डुमरांव के शहीद गेट मोहल्ला के मध्यमवर्गीय परिवार की बेटी पूजा ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा से लेकर मैट्रिक तक कि पढ़ाई स्थानीय उषारानी महारानी स्कूल से हुई है। वर्ष 2011 में फर्स्ट डिवीजन से मैट्रिक परीक्षा पास कर डुमराँव के ही सुमित्रा महिला कॉलेज में विज्ञान संकाय से इंटरमीडिएट की परीक्षा वर्ष 2013 में पास की फिर इसी कॉलेज से हिस्ट्री ऑनर्स से वर्ष 2016 में स्नातक की। पूजा ने बताया कि उसके बाद पोस्ट ग्रेजुएट एमवी कॉलेज बक्सर से वर्ष 2018 में पूरी करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटी। पूजा ने बताया कि इस दौरान गुरु विश्वजीत पाठक से मार्गदर्शन लेकर योजनाबद्ध तरीके से तैयारियां शुरू की और पहले प्रयास में ही सफलता के झंडे गाड़ दिए। पूजा ने अपनी सफलता का श्रेय दादा जयशिव गुप्ता, पिता भरत प्रसाद गुप्ता, मां मीरा देवी व भाई राजू गुप्ता के अलावे अपने कोचिंग के शिक्षक विश्वजीत पाठक को दिया है।

### काजीपुर में बिना काम कराए ही हो गई है निकासी, लोक शिकायत पहुंचा मामला

**सिमरी।** काजीपुर पंचायत के स्थानीय सार्वजनिक बाजार में कागजों पर ही ईंट सोलिंग, मिट्टी भराई व पीसीसी कर राशि निकासी का मामला प्रकाश में आया है। पंचायत की अशर्फी अंसारी ने इस योजना में भारी पैमाने पर अनियमितता का आरोप लगा अनुमंडल लोक शिकायत का दरवाजा खटखटाया है। लोक शिकायत में दिए आवेदन में अशरर्फी ने बताया है कि काजीपुर पंचायत में 14वें वित्त योजना के तहत योजना संख्या 02/19-20 में काजीपुर पंचायत के सार्वजनिक बाजार में इंट सोलिंग, मिट्टी भराई व पीसीसी के नाम पर 4 लाख 82 हजार 408 रूपए की निकासी की गई है। मॉपी पुस्तिका में तत्कालीन मुखिया अख्तर अली का हस्ताक्षर है। जबकि धरातल पर इस योजना में भारी पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। अशर्फी ने अपने आवेदन में बताया है कि इंट खरीद से लेकर पीसीसी तक के अवलोकन से यह स्पष्ट हो जाएगा कि इस योजना में किस कदर लूट माचाई गई है।

### सरेंजा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शिक्षकों की मनमानी से नाराज ग्रामीणों ने की तालाबंदी

**चौसा।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौसा में प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों की मनमानी से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को ताला बंद कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग व प्रशासन में की कवायदें बढ़ गई। अधिकारी ग्रामीणों के मान मनौव्वल में जुट गए थे। लेकिन पूरे दिन ग्रामीण ताला बंद किए थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस विद्यालय में नियमित रूप से न तो प्रधानाध्यापक आते है और न ही अन्य शिक्षक। जिस कारण बच्चों की पढ़ाई सहित टीसी व तमाम कागजातों की जरूरत पड़ने पर अभिभावकों को कई दिनों तक चक्कर लगाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि उपस्कर खरीदने के लिए पैसे आए हैं लेकिन वह खरीदे नहीं गए है, मिड डे मील कई माह से बंद है। ऐसे में शैक्षणिक गुणवत्ता तथा बच्चों का शारीरिक विकास दोनों प्रभावित होता है। जब तक उनकी समस्या का निदान नहीं होगा वह ताला नहीं खोलेंगे।

# प्यार में बाधक बनने के कारण प्रीतम की हुई थी हत्या, गिरफ्तार किए गए दो आरोपी

**केटी न्यूज/बक्सर/बलिया**



डुमरांव के नेनुआ गांव निवासी युवक की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या करने के मामले में बलिया जिले के सुखपुरा थाने की पुलिस ने मंगलवार को दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि प्रेम में बाधा डालने के कारण प्रीतम पाठक व नीशू पाठक को मारा पीटा गया था।

बता दें कि प्रीतम पाठक की जहां मौत हो गई है, वहीं नीशू का इलाज अभी भी वाराणसी में चल रहा है।

बीते रविवार की देरशाम देवकली गांव के वन विहार मोड़ के पास बाइक से बक्सर जा रहे प्रीतम पाठक व नीशू पाठक को बदमाशों ने मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया था। प्रीतम पाठक की जहां मौके पर ही मौत हो गई थी, वहीं नीशू पाठक को बीएचयू के लिए रेफर कर दिया गया था। इस मामले में मंगलवार को पुलिस ने अनिश सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी परिखरा व अनुज राय पुत्र अरविन्द राय उर्फ गुड्डु निवासी नारायणपुर को परिखरा से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि दोस्त रोहित मिश्रा अपने रिश्तेदार की बेटी (गुड़िया काल्पनिक नाम) से प्यार करता था। प्रीतम पाठक रोहित मिश्रा व गुडिया के प्यार में बाधक बन रहा था। रोहित मिश्रा द्वारा मुझे व अपने साथी अनुज राय, अवनिश चतुर्वेदी उर्फ हैपी चौबे निवासी सरैया थाना बांसडीहरोड, नवीन यादव पुत्र राघवेन्द्र यादव निवासी आमघाट थाना बांसडीहरोड व छः सात अन्य लोग देवकली आये और प्रीतम पाठक का आने का इंतजार करने लगे। प्रीतम जैसे ही देवकली मोड़ पर आया तो हमलोगों ने उस पर हमला कर दिया। उसी दौरान प्रीतम पाठक के रिश्तेदार आ गए तो हम लोग वहां से भाग गए।

### आपसी विवाद को लेकर वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में चली गोली

**बक्सर।** नगर थाना क्षेत्र के वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में सोमवार की रात आपसी विवाद में अपराधियों ने गोलीबारी की वारदात को अंजाम दिया है। अपराधियों ने एक घर को निशाना बनाते हुए पांच राउंड गोलीबारी की है। बताया जा रहा है कि वीर कुंवर सिंह कॉलोनी निवासी भानु सिंह के पुत्र शेखर सिंह की बाइक किसी युवक के बाइक के बीच मुनीम चौक पर टक्कर हो गई थी। उसी के विवाद में दूसरे युवक ने शेखर सिंह के घर पर सोमवार की रात गोलीबारी करने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि, गोलीबारी की जानकारी किसी ने पुलिस को नहीं दी। मंगलवार की सुबह पीड़ित शेखर सिंह ने पिस्टल के पांच खोखा कारतूस लेकर पुलिस को दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मां-बाप गए थे गेंहू काटने, घर में लगी आग से मासूम की मौत

**केटी न्यूज/धनसोई**

मंगलवार की सुबह धनसोई थाना क्षेत्र के करमा गांव में दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें एक 9 वर्षीय मासूम जिंदा जल गया। घटना सुबह 9.30 बजे की है। मृतक लवकुश कुमार नथुनी ठाकुर का पुत्र है। घटना बिजली के तारों के शॉर्ट सर्किट के कारण हुई है।

जानकारी के अनुसार नथुनी ठाकुर का घर झोपड़ीनुमा है। मंगलवार को सुबह पूरा परिवार गेहूं काटने गया था। घर में लवकुश अकेले था। करीब साढ़े नौ बजे बिजली के तारों के शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से झोपड़ी में आग पकड़ लिया, जिसमें घिर लवकुश की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मासूम के साथ ही झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। इस संबंध में धनसोई थानाध्यक्ष कमल नयन पाण्डेय ने बताया कि घटना के वक्त परिवार के सभी सदस्य खेत में गेंहू काटने काटने गए थे। उसी वक्त छत पर बनी झोपड़ीनुमा मकान में यह हादसा हुई। उस समय वह मासूम उसी झोपड़ीनुमा घर में सो रहा था। आग की उठती लपटें देखकर अगल-बगल के लोगों ने हल्ला मचाना शुरू किया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि उसपर काफी मशक्कत के बाद आग बूझाया गया। परन्तु जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक मासूम की झुलसने से मौत हो गई थी। ग्रामीणों के द्वारा घटना की सूचना थानाध्यक्ष को दी गई। जहां मौके पर पहुंच कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## राज्य में कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रसार को देखते हुए स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड में, जारी किए गए निर्देश

# डीएम का सिविल सर्जन को निर्देश... कोविड संबंधित तैयारियों को दुरुस्त रखें

- अस्पतालों में आवश्यक दवाएं ऑक्सीजन की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए

**केटी न्यूज/बक्सर**

राज्य में कोरोना संक्रमण के प्रसार को देखते हुए स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड में है। इधर डीएम ने भी सिविल सर्जन को जिला के अस्पतालों को कोविड संबंधित तैयारियों को दुरुस्त करने एवं रखने का निर्देश दिया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि कोविड-19 को लेकर अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों व ऑक्सीजन की उपलब्धता हर हाल में उपलब्ध कराया जाए। वहीं अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, प्रत्यय अमृत एवं कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार संजय कुमार सिंह ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सिविल सर्जन को कोरोना के संभावित संक्रमण प्रसार को देखते हुए सभी स्वास्थ्य संस्थानों में पूरी तैयारी रखने का निर्देश दिया है। अपर मुख्य सचिव और कार्यपालक निदेशक ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोरोना को दृष्टिगत रखते हुए सभी पीएसए ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट और ऑक्सीजन से जुड़े हुए तमाम उपकरण उपस्कर को क्रियाशील अवस्था में रखा जाए। जारी निर्देश में बताया गया है कि ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट आदि में किसी भी तकनीकी गड़बड़ी को तुरंत ठीक किया जाये और इसकी सूचना तत्काल राज्य स्वास्थ्य समिति को दिया जाये। सिविल सर्जन और जिला कार्यक्रम प्रबंधक सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं अस्पताल प्रबंधक को सूचित कर दें कि पीएसए प्लांट पर स्वयं जाकर अपनी उपस्थिति में भी पीएसए प्लांट्स को चलवा कर देख लें कि वह क्रियाशील अवस्था में है अथवा नहीं।

### जिले में बढ़ाई जाएगी कोरोना जांच की संख्या

निर्देश दिया गया है कि जिले में सभी संदिग्ध लोगों की कोरोना जांच की जाये और अस्पतालों में कोरोना मरीजों के लिए बेड सुरक्षित रखा जाये। जिले में अस्पतालों में कार्यरत सुरक्षा गाड्र्स के सेवा प्रदाता एजेंसी को इस संबंध में ताकीद करें और सुरक्षा करने को कहें। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश दिया गया है कि मेडिकल गैस पाइपलाइन को चालू अवस्था में रखा जाना है। इसके लिए उसे एक बार अपनी उपस्थिति में बेड तक जाकर देखना और उसकी क्रियाशीलता सुनिश्चित करना है। बताया गया है कि मेडिकल ऑक्सीजन गैस पाइपलाइन की चोरी होने पर स्पष्ट रूप से अस्पताल प्रबंधन की इसकी जिम्मेदारी होगी।

### टाइप टू हेल्थ एक्ट को गलत बताकर बक्सर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने किया विरोध

**बक्सर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जिला इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के अस्पताल परिसर में हुई। इस बैठक में राजस्थान सरकार के द्वारा लाए गए राइट टू हेल्थ एक्ट को लेकर चर्चा हुई और कहा गया कि निश्चय ही यह एक्ट जनविरोधी है। लेकिन जनता को सरकार के द्वारा भ्रमित किया गया है और उन्हें गलत जानकारी देकर उकसाया जा रहा है। यह केवल और केवल वोट बैंक की राजनीति है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सीएम सिंह ने कहा कि सरकार इस तरह की नीति केवल उन संस्थानों पर लागू कर सकती है जो सरकारी हैं, अथवा सरकार के द्वारा वित्त पोषित हैं। लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर रही और सीधे-सीधे चिकित्सकों को प्रताड़ित कर रही है। ऐसे में इस एक्ट को वापस लिए जाने तक इसका विरोध होगा। प्रख्यात सर्जन डॉ तुषार सिंह ने कहा कोई चिकित्सकीय कैसे पता लगा सकता है कि कौन व्यक्ति गरीब है और कौन अमीर है? ऐसे तो हर व्यक्ति का आधार कार्ड लेकर उसका बैंक बैलेंस चेक करना होगा।

CMYK

# घटिया सड़क निर्माण देख आक्रोशित हुए ग्रामीण, जेई को घेरकर की नारेबाजी

- हल्के ठोकर से उखड़ जा रही है सड़क, ग्रामीणों के उग्र विरोध पर भाग खड़े हुए जेई
- सड़क पर बने नए गढ्ढे नहीं भरे गए और न ही पटरी की गई दुरुस्त

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के मरदह विकास खंड के मरदह गोविन्दपुर गांव में लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय निर्माण खण्ड से निमार्णाधीन सड़क के मानक विहीन और घटिया निर्माण से उग्र नागरिकों ने भाजपा नेता चतुर्भुज चौबे के नेतृत्व में सड़क निर्माण रोक दिया। दर्जनों की संख्या में जुटे उग्र ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एक सप्ताह पूर्व निर्मित मानक विहीन सड़क छोटे बच्चों के पैर के ठोकर से उखड़ जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार एवं प्रांतीय खंड के जेई, ऐई की मिलीभगत से मानक विहीन निम्न गुणवत्ता की सामग्री का नाम मात्र प्रयोग कर सड़क निर्माण किया गया है। सड़क पर बने नए गढ्ढे न भरे गए हैं, न ही पटरी ही दुरुस्त की गई है। एक सप्ताह से बार -बार ग्रामीणों के निवेदन के बाद भी कोई सुधार नहीं किया गया। मौके पर मिले जेई अनन्त लाल यादव ने बताया कि ग्यारह लाख की लागत से 1.3 किमी सड़क का निर्माण कार्य होना है।

वहीं, मानक विहीन कार्य से उग्र होकर



ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कार्य देख जेई को घेर लिया और जमकर नारेबाजी की। जेई आधे घंटे तक ग्रामीणों के बीच घिरे रहे। जेई काफी फजीहत झेलने के बाद किसी प्रकार ग्रामीणों के बीच से निकल कर भाग खड़े हुए। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि बार-बार शिकायत के बाद भी कार्य में कोई सुधार नहीं किया जा रहा है। जिलाधिकारी से मिलकर मानक के अनुरूप कार्य करवाने एवं दोषी ठेकेदार एवं संबन्धित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए पत्रक दिया जाएगा। तत्काल कार्रवाई न हुई तो जिला मुख्यालय पहुँच कर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर भाजपा नेता चतुर्भुज चौबे, बंटी सिंह, अजय श्रीवास्तव, मुन्ना सिंह, चुन्नू सिह, राजकुमार कुशवाहा, रमेश यादव, विनय तिवारी, राहुल तिवारी, विपिन तिवारी समेत दर्जनों नागरिक उपस्थित रहे।

## एक ही रात में कई दुकानों के ताले तोड़े, हजारों की नकदी समेत भारी मात्रा में सामान चोरी

# यूसुफपुर बाजार में चोरों ने डेढ़ दर्जन दुकानों में की चोरी, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

यूसुफपुर बाजार के विभिन्न मंडियों में बीती रात चोरों ने करीब डेढ़ दर्जन दुकानों के ताले चटकाकर नगदी समेत हजारों के माल पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की इस बड़ी घटना से यूसुफपुर बाजार में हड़कंप मचा हुआ है। दुकानदारों में चोरी की घटना से दहशत व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसपी ग्रामीण बलवंत सहित क्षेत्राधिकारी हितेंद्र कृष्ण एवं थाने के अन्य पुलिसकर्मी भारी संख्या में घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना कर सीसी फुटेज को खंगाला।



- चोरी की घटना से दुकानदारों में मचा हड़कंप, मिठाई दुकान में चोरी के साथ की पार्टी

बताया जाता है कि यूसुफपुर बाजार के बोरा मंडी स्थित नसीम अंसारी के किराना स्टोर, अफजल अंसारी की श्रृंगार एवं पारचून की दुकान, इम्तियाज जनरल स्टोर, कृष्णा मिठाई वाले की दुकान व गुड मंडी स्थित पुरुषोत्तम जायसवाल की अगरबत्ती की थोक एवं फुटकर दुकान, वसीम अंसारी की जनरल स्टोर की दुकान, खटिया मंडी में अजय कमलापुरी की जनरल स्टोर, अजय गुप्ता की पत्तल रस्सी बताशा आदि की दुकान, चावल मंडी स्थित कृष्णा पटवा की जनरल स्टोर की दुकान, आढत मंडी में स्थित दानिश बर्तन एवं जनरल स्टोर की दुकान बोरा मंडी में स्थित वसीम अंसारी की दुकान आदि के रात्रि पहर चोरों ने दुकानों का ताला तोड़कर अंदर घुस कर उसमें रखे हुए बक्से में से हजारों की नगदी समेत काफी मात्रा में कीमती सामान को चोरो ने चोरी कर लिया। गनीमत बस इतनी रही कि चोरों के हाथ किसी भी दुकान में भारी मात्रा में नकली हाथ नहीं लगा।

**चोरी ने मिठाई खाई और लेकर भी गएं :** जिन दुकानों में नगदी पर हाथ साफ किया उनमें अजय गुप्ता के यहां से 5000 रुपए नगद, पुरषोत्तम जायसवाल अगरबत्ती थोक विक्रेता के यहां से बक्से में रखा 2500 रुपए नगद, वसीम अंसारी गोरा मंडी की दुकान पर दो पेटी किशमिश, कृष्णा मिठाई दुकान में चोरों ने काफी मात्रा में मिठाई खाई और कुछ मिठाई भी उठा ले गए। वही दुकानदारों का कहना है कि मौके पर आई पुलिस ने हम लोगों की तारीफ लेने से भी इंकार कर दिया। काफी दबाव के बाद मात्र दो-तीन लोगों का ही तहरीर लिया। लेकिन अभी तक किसी भी लोगों का एफ आई आर दर्ज नहीं हुई है और ना ही उसकी कॉपी नहीं मिली है। जिसके चलते पूरे बाजार में पुलिस के प्रति व्यापारियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। वहीं दुकानदारों ने उच्चाधिकारियों से तत्काल संज्ञान में लेते हुए घटना की पदार्फाश कराने की गुहार लगाई है।

प्रभारी निरीक्षक घनानंद त्रिपाठी ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। हालांकि, मौके पर पीड़ितों व आसपास के लोगों से पूछताछ की गई है। जिनका फर्दबयान लिया जा चुका है। जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। जिन लोगों की तहरीर प्राप्त हुई है उनका मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वही एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। हालांकि, आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी मंगाई गई है। जिससे तफ्तीश में सहूलियत होगी।

## चोरों ने चार घरों में किया चोरी का प्रयास, एक घर से उड़ाए जेवरात

**बलिया।** जिले के नरहीं थाना क्षेत्र के पिपरा कलां गांव के पास सरकारी शराब की तीन दुकानों से लाखों की शराब चोरी का खुलासा भी नहीं हुआ कि चोरों ने पास के गांव दरियापुर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। हालांकि चोरों को सफलता एक ही घर में मिल पायर।

जिसके बाद उन्होंने तीन और घरों में प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। हौसला बुलंद चोरों से लोग सख्ते में हैं। घटना सोमवार की देररात की है। जिसमें दरियापुर गांव निवासी विश्वामित्र सिंह के घर में चोर दिवाल फांद कर अंदर कमरे में घुस कर एक बक्से में रखा डेढ़ लाख का जेवर व चार हजार रूपया गायब करने के बाद चोर तेज बहादुर सिंह के घर पहुंचे और दरवाजा तोड़ कर कमरे में घुस कर एक अटैची गायब की। अटैची में केवल कागजात ही थे। जिसके बाद चोर सर्वदेव गोंड़ के घर पहुंचे और चैनल गेट को तोड़ने लगें इस दौरान इनके घर महिला की नींद टूट गई और उसके शोर मचाने पर चोरों ने भागना ही मुनासिब समझा। उसके बाद चोरों ने दीनानाथ राजभर की भैंस खोलने का प्रयास किया। लेकिन कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर परिवार के लोग जग गये। जिसके बाद चोर फरार हो गए। मंगलवार को विश्वामित्र सिंह ने नरहीं थाने में तहरीर दी।

# डॉ. प्रियंका राय वीकेएसयू में बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर, गांव व इलाके में खुशी का माहौल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मुहम्मदाबाद सेमरा गांव निवासी डॉ. प्रियंका राय का चयन हिंदी विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। उनके इस उपलब्धि पर परिवार के लोगों के साथ-साथ गांव व पूरे इलाके में खुशी की लहर है। अपने कठिन परिश्रम लगन से ऐसी सफलता हासिल करके उन्होंने जिले गांव एवं क्षेत्र का नाम बढ़ाया है। डॉ. राय का चयन ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के बीआरबी कॉलेज में हुआ है। उनका शोध-कार्य काशी हिंदू विश्वविद्यालय से 'ग्रामीण जीवन का बदलता स्वरूप और शिवमूर्ति का कथा साहित्य' नामक



विषय पर हुआ है। बड़ी बात यह है कि उनके पति डॉ. अजीत कुमार राय भी असिस्टेंट प्रोफेसर हैं जो वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज में नियुक्त हैं।

गौरतलब है कि डॉ. अजीत को गिरमिटिया मजदूरों और भारतीय प्रवासन से संबंधित कार्यों के लिए भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद और मॉरीशस के राष्ट्रपति द्वारा पोर्ट लुईस में सम्मानित भी किया जा चुका है।

डॉ. प्रियंका गांव के वंश नारायण राय और श्रीमती प्रेमशीला राय की पुत्रवधू हैं। इस समय वंश नारायण राय का परिवार बीरपुर गांव में रहता है। डॉ. प्रियंका राय अपने उपलब्धि को हासिल कर महिलाओं का प्रेरणा का स्त्रोत एवं हौसले को बुलंद करने का काम किया। वहीं इलाके के सभी संभ्रांतजनों का उन्हें अपने शुभकामनाएं देने का क्रम जारी है। सूचना मिलने के बाद परिजनों के साथ साथ आसपास के लोगों में खुशी है।

# डंपर से कुचलकर मासूम की दर्दनाक मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

वाराणसी-गाजीपुर फोर लेन पर नैसारा पेट्रोल पंप के पास मंगलवार की दोपहर डंपर से कुचलकर रामपुर बंतरा निवासी अजीत यादव के मासूम पुत्र ओम की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़ ने फोरलेन पर जाम लगा दिया। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर काफी मशक्त के बाद आधा घंटे बाद जाम खुलवाने में सफलता हासिल की।

बताया जाता है कि क्षेत्र के रामपुर बंतरा निवासी अजीत यादव अपने छह वर्षीय पुत्र ओम यादव को साइकिल पर बैठाकर नैसारा गांव में जा रहे थे। गाजीपुर से वाराणसी की तरफ जा रही डंपर से साइकिल को धक्का लग गया। जिससे दोनों पिता पुत्र सड़क पर गिर पड़े। जिसमें डंपर छह वर्षीय मासूम ओम को कुचलते हुए आगे निकल गई। जबकि पिता अजीत को मामूली चोटें लगी है। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही परिजन और गांव वाले भी मौके पर पहुंच गए और सड़क को जाम कर दिया। जिससे सड़क



पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर लगभग आधा घंटे बाद जाम खुलवाने में सफल हुई। पुलिस दुर्घटना कर भाग रहे डंपर को पहाड़पुर के पास पकड़कर कब्जे में ले लिया।

घटना के बाद परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल था। मृतक ओम दो भाईयों में बड़ा था। नवागन्तुक थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने बताया कि मृतक के दादा कन्हैया यादव द्वारा दी गयी तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर भेज दिया गया।

## प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने सामुदायिक केंद्र सह कल्याण मण्डप किया शिलान्यास

# खुशखबरी: आठ करोड़ की लागत से बड़ागांव में बनेगा सामुदायिक केंद्र

- अब तक प्रदेश के 241 नगरीय निकायों का किया जा चुका विस्तारीकरण एवं नवसृजन

**केटी न्यूज/मऊ**

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा मंगलवार को जनपद पहुंचे। जहां उन्होंने मऊनाथ भंजन नगर पालिका परिषद के अंतर्गत बड़ागांव में 08 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक केंद्र सह कल्याण मण्डप के निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की आधारशिला भी रख्खी। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने इस दौरान



कहा कि जब से मैं नगर विकास मंत्री बना तभी से प्रदेश के नगरीय निकायों के विस्तारीकरण एवं नवसृजन की प्रक्रिया तेज हुई है। जिससे होने वाले विकास का लोगों को फायदा भी मिला है। उन्होंने कहा कि अभी तक 241 नगरीय निकायों का विस्तारीकरण व नवसृजन किया जा चुका है।

**मुख्यमंत्री की प्रेरणा से कराए जा रहे हैं विकास कार्य :** नगर विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जनता को अधिक से अधिक इन कार्यों का फायदा मिले, इसके लिए शीघ्र ही इन कार्यों को धरातल पर उतार कर




पूर्ण भी कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक जितनी भी नगर निकायों का विस्तार एवं नवसृजन हुआ है। इन सभी में विकास कार्य कराने के लिए 600 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। शीघ्र ही इन निकायों में विकास की गंगा बहेगी और यहां के निवासी शहरों की सुख सुविधाओं का लाभ उठा पाएंगे। प्रदेश की जनता माननीय मोदी जी एवं माननीय योगी जी के प्रति अपना आशीर्वाद बनाए रखें, आने वाले समय में बीना किसी भेदभाव के जनता जनार्दन को सभी प्रकार की सुख सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया जाएगा और उनके सामने किसी भी प्रकार की समस्या नहीं रहेगी। इस दौरान जनपद के भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय, सीडीओ प्रशांत नागर, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार, सीजेएम जल निगम, बड़ागांव के बुजुर्ग, महिलाएं, नवयुवक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## एक नजर

### मोबाइल टॉवर से बैटरी चोरी करने वाले छह शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**गाजीपुर।** पुलिस ने मोबाइल टॉवर से बैटरी चोरी करने वाले छह शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए चोरों के पास से चोरी की बैटरी और चोरी की बैटरी बेच कर खरीदे गए पिकअप वाहन को बरामद किया है। जबकि तीन शातिर चोर पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहे। पकड़े गए छह शातिर चोरों में दो कबाड़ी वाले शामिल है। एक वाराणसी का रहने वाला है और एक गाजीपुर का रहने वाला है। इस बात की पुष्टि एसपी ओमवीर सिंह ने अपने कार्यालय में मीडिया के सामने प्रेस कांफ्रेन्स कर की है। इस दौरान एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि जनपद के नोनहरा, जंगीपुर और अन्य कई क्षेत्रों से मोबाइल टावर से बैटरी चोरी की शिकायतें आ रहीं थीं। नोनहरा थाना क्षेत्र में इनके द्वारा 27 बैटरी चोरी की गई थी। जिसकी वजह से जिओ का नेटवर्क बाधित हुआ था जिससे लोगों में आक्रोश था। एसपी ने बताया कि मामले में दो कबाड़ियों को भी गिरफ्तार किया गया है। जिनमें से एक गाजीपुर का और एक वाराणसी का है, जो पिकअप इनके पास से पकड़ी गई है, वो भी इन्होंने बैटरी चोरी के पैसों से ही खरीदी है। पहले ये लोग किराये की गाड़ी लेकर उससे चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। एसपी ने बताया कि एक बैटरी 4 से 5 हजार में बिक जाती थी। एक मामले में तो एक अभियुक्त अपने घर में इसी चोरी की बैटरी से इन्वर्टर चला रहा था।फिलहाल इनके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है और गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है।



### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के निपानिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती की मौत हो गई। पुलिस युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दी। घटना मनियर थाना क्षेत्र के निपनिया गांव की बताई जा रही है। घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि नाजिया खातून 17 वर्ष पुत्र हसन अंसारी निवासी निपनिया जनपद बलिया मंगलवार की सुबह में 4:00 बजे सुबह में मृत पाई गई। परिजन उसके दाह संस्कार की व्यवस्था कर रहे थे कि किसी ने इसकी सूचना मनियर पुलिस को दे दी। घटना के संदर्भ में गांव में तरह-तरह की चर्चा है। किसी ने सूचना दी थी कि दुपट्टे से फांसी लगाई है। इस संबंध में एसएचओ मनियर प्रवीण सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि घर वाले बता रहे हैं कि रोजे पर थी और बीमार रहा करती थी। पेट में दर्द हुआ जिसके कारण से मौत हो गई। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं थे। वास्तविक चीजें पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।



### फर्जी रेलवे ई टिकट के साथ एक गिरफ्तार

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कृपालपुर निवासी विवेक जन सेवा केन्द्र के संचालक विवेक वर्मा पुत्र शंभूनाथ वर्मा को फर्जी रेलवे ई टिकट के साथ गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। रेलवे पुलिस की इस कार्रवाई हड़कम्प मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी डॉ. अभिषेक के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बलिया बीके सिंह मय फोर्स ने मुखबिर खास की सूचना पर हल्दी थाना क्षेत्र के कृपालपुर सोनवानी स्थित विवेक जन सेवा केंद्र पर छापेमारी की। टीम ने दुकान संचालक विवेक वर्मा पुत्र शंभू नाथ वर्मा (निवासी कृपालपुर, सोनवानी, बलिया) को फर्जी नाम पते से 8 फर्जी पर्सनल यूजर आईडी से आईआरसीटी के वेबसाइट पर बनाए गए 55000 रुपए का अवैध रेल ई-टिकट के साथ गिरफ्तार कर लिया। ये रेल ई-टिकट का अवैध कारोबार पिछले दो सालों से कर रहा था। अवैध रेलवे ई-टिकट के कारोबार में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी टीम ने जब्त कर लिया। टीम में उप निरीक्षक जयेंद्र कुमार मिश्रा हेड कांस्टेबल उदय प्रताप यादव, कांस्टेबल भीम चौरसिया, कॉन्स्टेबल अजय कुमार यादव, कांस्टेबल अमित मिश्र व कांस्टेबल पंकज साह शामिल रहे।



### मासूम के साथ हैवानियत, चाचा गिरफ्तार

**बलिया।** जनपद के भीमपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव से तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है। गिरफ्तार आरोपी पीड़िता का रिश्ते में चाचा बताया जा रहा है। तहरीर के मुताबिक बीते 27 मार्च को तीन वर्षीय बच्ची खेल रही थी, तभी पट्टीदारी का 15 वर्षीय लड़का उसे बहला-फुसलाकर घर के समीप एक मड़ई में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इससे बच्ची की तबियत खराब हो गई।बच्ची रोते बिलखते हुए घर पहुंची और पूरी बात बताई। वहीं आरोपी पक्ष घटना को दबाने में लग गया। मामले को लेकर कई दिनों तक पंचायत चली। सोमवार को बच्ची की तबियत बिगड़ने लगी। इसके बाद पीड़ित बच्ची की मां ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मंगलवार की सुबह आरोपी को किशोर को बरौली मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया।



### समाज के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए रोटरी क्लब को किया गया सम्मानित

**मऊ।** अपने कार्यकाल में बदलाव की सार्थक पहल के साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. समर राज गर्ग ने रोटरी क्लब मऊ अध्यक्ष डॉ संजय सिंह को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में दस अवार्ड के साथ सम्मानित किया गया। रोटरी शिखर समारोह के अंतर्गत इस आयोजन में 6 डायमंड व 4 गोल्ड अवार्ड से तत्कालीन टीम को सम्मान देकर पुरस्कृत किया गया। डॉ संजय सिंह ने बताया की मऊ रोटरी इकाई द्वारा गत्त वित्तीय वर्ष में शैक्षिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, जनजाति समुदाय विकास, सामाजिक आर्थिक विकास, परम्परा संरक्षण, निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं कोरोना टीकाकरण सहित विभिन्न सामाजिक आयामों पर अपना उत्कृष्ट अवदान के लिए सचिव सचिन्द्र सिंह, रोटेरियन अजित सिंह, रोटेरियन सौरभ बरनवाल ,रोटेरियन तेज प्रताप तिवारी सहित सम्पूर्ण मऊ इकाई को सर्वोत्तम अवदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ सिंह ने बताया की सामाजिक प्रतिमानों के सर्वोत्तम विकास को लेकर रोटरी क्लब प्रतिबद्ध है।

